पत्रांक - ...../

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

मनोज कुमार,
विशेष कार्य पदाधिकारी ।

सेवा में,

सभी सिविल सर्जन ।
सभी क्षेत्रीय उपनिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना ।

विषयः दिनांक 22.08.2012 को राज्यस्तरीय बैठक में भाग लेने के संबंध में ।

पटना, दिनांक / /2012

महाशय,

निदेशानुसार सूचित करना है कि प्रधान सचिव, स्वास्थ्य द्वारा दिनांक 22.08.2012 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से मुख्य सचिवालय सभा कक्ष में एक बैठक आहूत की गयी है । अनुरोध है कि निम्नलिखित प्रतिवेदनों के साथ बैठक में भाग लेने की कृपा की जाय :-

1. सभी अस्पतालों में 24 X 7 की सुविधा का अद्यतन प्रतिवेदन ।
2. सभी अस्पतालों में मुफ्त दवा वितरण का अद्यतन प्रतिवेदन ।
3. सभी अस्पतालों में एम्बुलेन्स सुविधा का अद्यतन प्रतिवेदन ।
4. सभी अस्पतालों में रेडियोलॉजिकल एवं पैथोलॉजिकल जॉच सुविधा का अद्यतन प्रतिवेदन।
5. सभी अस्पतालों में साफ-सफाई/भोजन/बेड/सुरक्षा की सुविधा का अद्यतन प्रतिवेदन ।
6. सभी अस्पताल के मुख्यालय में चिकित्सको की उपस्थिति संबंधित प्रतिवेदन ।
7. जिलो में पदस्थापित सभी चिकित्सकों की अद्यतन सूची ।
8. जिलान्तर्गत सभी अस्पतालों के टैलीफोन (लैण्ड लाईन) चालू रहने का अद्यतन स्थिति ।
9. सभी जिलों में विभिन्न सेवाओं के स्वीकृत पद एवं उसके विरूद्ध कार्यरत बल की संख्या । (अधिसूचना संख्या सहित)
10. विभाग से उपलब्ध कराये गये आवंटन का व्यय प्रतिवेदन ।
11. जिलो में स्वीकृत सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति ।
12. सी0डब्लू0जे0सी0/एम0जे0सी0/एल0पी0ए0/ एस0एल0पी0 से संबंधित अनुपालन/ क्रियान्वयन प्रतिवेदन ।
13. विधान सभा/ विधान परिषद् के प्रश्नो/ध्यानाकर्षण/निवेदन/ आश्वासन/ लोक लेखा समिति से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन ।
14. जिला कार्यरत नियंत्रण कक्ष की स्थापना से संबंधित प्रतिवेदन ।
15. ए0सी0/डी0सी0 विपत्र के सामंजन से संबंधित प्रतिवेदन ।

विश्वासभाजन
ह0/-
(मनोज कुमार)
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांक -377(H.S)

पटना, दिनांक 01/08/12

प्रतिलिपि - कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

अनुरोध है कि अपने स्तर से भी सभी प्रोग्राम पदाधिकारी को बैठक में भाग लेने हेतु निदेशित करेंगे ।

प्रतिलिपि - सचिव, प0क0/ अपर सचिव/निदेशक प्रमुख/सभी संयुक्त सचिव / प्रशासी पदाधिकारी, प0क0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ज्ञापांक -

पटना, दिनांक

प्रतिलिपि - प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी-2, 5,7,8, 10,12 एवं लेखा शाखा को सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि - श्री चन्द्र शेखर प्रसाद, आप्त सचिव/ श्री निरंजन कुमार, आशुलिपिक, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं बैठक की कार्यवाही नोट करने हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि - आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं सभी संबंधित को ई-मेल करने हेतु प्रेषित ।

1/8/12

विशेष कार्य पदाधिकारी